**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 20 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)**

55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज गोवा के पणजी में शुरू हो रहा है। भव्य उद्घाटन समारोह शाम पांच बजे पणजी के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में होगा। फिल्म कलाकार अभिषेक बैनर्जी और भूमि पेडणेकर कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में बताया कि उद्घाटन समारोह में प्रसार भारती ओटीटी का शुभारंभ किया जाएगा।महोत्सव में इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया को विशेष फोकस देश का दर्जा दिया गया है, जिसे अपनी सांस्कृतिक उपलब्धियां प्रस्तुत करने का विशेष अवसर मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया के नृत्य समूह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में वहां की समृद्ध संस्कृति की झलक मिलेगी।उद्घाटन समारोह में भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रम में 90 के दशक के हिट नृत्य गीतों पर विशेष प्रस्तुति होगी। **टाइमलेस सोल्स** शीर्षक से विशेष काव्यात्मक प्रस्तुति में दृश्य, संगीत और कविता के माध्यम से भारतीय फिल्म जगत की महान हस्तियों के योगदान को रेखांकित किया जाएगा। माइकल ग्रेसी निर्देशित **बेटर मैन** समारोह की उद्घाटन फिल्म होगी।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने कहा है कि चंडीगढ़ मेंहरियाणा की विधानसभा का निर्माण एक गंभीर विषय है और इस पर सभी दलों को राजनीति से ऊपर उठकर एकमत होकर अपनी बात रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री कल हरियाणा विधानसभा में चंडीगढ़ में हरियाणा की नई विधानसभा के निर्माण के विषय पर चर्चा के दौरान बोल रहेथे। इस विषय पर विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं, मुख्यमंत्री की अगुवाई में सभी दल इकट्ठे होकर अपनी बात रखेंगे। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब केनेताओं ने पहले भी सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर को लेकर राजनीति की है, जिससे हरियाणा के किसानों को उनके हक का पानी नहीं मिला। जबकि सर्वोच्च न्यायलय ने भी कहाहै कि एस वाई एल का पानी हरियाणा के किसानों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा किसर्वोच्च न्यायलय के आदेश की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब पंजाब के नेता हरियाणा विधानसभा केनिर्माण के विषय पर भी सवालिया निशान लगा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विषय पर पूराहरियाणा एकमत है और विधानसभा के सभी सदस्य एकमत होकर जो बात रखेंगे, उसी बातको आगे बढ़ाया जाएगा ।

*****************************************************************************
हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री  अनिल विज ने चंडीगढ़ पर पंजाब की दावेदारी पर प्रतिक्रिया देते  हुए कहा है कि चंडीगढ़ तभी पंजाब का हो सकता है जब हिंदी भाषी क्षेत्र हरियाणा को दे दिए जाएं ।

श्री विज पंचकूला  में बी जे पी की आंतरिक समिति की बैठक में भाग लेने के बाद मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा ने अपनी विधानसभा कहाँ बनानी है यह  हरियाणा सरकार ने देखना है। श्री विज ने कहा कि परिसीमन होने जा रहा है इससे विधायकों की सीट बढ़ेंगी। पुरानी विधानसभा में  बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में विधानसभा का नया भवन तो बनाना ही होगा।

*************************************************************************

जींद में पिछले कई दिनों से वातावरण में फैले प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में कारगर कदम उठाते हुए  उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने एक अनूठी एवं प्रेरणादायक पहल की है। वह  अपनी सरकारी गाड़ी के बजाए अपने आवास से साइकिल से कार्यालय आ  रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इससे बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाया जा सकेगा ।

उन्होने मीडिया प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए बताया कि बढ़ते  प्रदुषण के चलते जिला प्रशासन की और से सरकारी एंव अर्धसरकारी स्कूलों में अवकाश के भी निर्देश दिए गए है।  उन्होने जिलावासियों के साथ-साथ सभी कर्मचारी एंव  अधिकारियों  से आग्रह किया कि वें भी बढ़ते प्रदूषण के मध्यनजर साइकिल अथवा पैदल ही आवाजाही करें ताकि वातावरण को बेहतर बनाया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि प्रदूषण के चलते जिला में ग्रेप  फॉर लागू किया गया है और जैसे ही हालात बदलेंगे इसमें कुछ ढिलाई दी जाएगी।